हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025

11 वाहन की टक्कर से दो प्रवासी श्रमिकों की मौत


12 सेना पर पूरे भारत को है नाजः जून


## खबर संक्षेप

### एमडीयू की परीक्षाओं के चलते धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एमडीयू रोहतक द्वारा नौ मई से जिले में आयोजित की जाने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश परीक्षा अवधि के दौरान, सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक तथा दोपहर बाद ढाई बजे से सायं पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरखा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू या अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** शुक्रवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवर्तन परिमंडल कार्यालय में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक झज्जर शहर, सब अर्बन सब डिवीजन झज्जर, बादली व माछरौली सब डिवीजन क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली के बिल संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन डिविजन झज्जर करेंगे तथा मौके पर उनका निवारण किया जाएगा।

### डाबोदा जलघर से आठ टन सरिया चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा स्थित वाटर वर्क्स से लगभग आठ टन लोहे का सरिया चोरी हो गया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत के निवासी कृष्ण का कहना है कि वह पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में ठेकेदार है। डाबोदा वाटर वर्क्स का ठेका उन्हें मिला है। वहां फिलहाल काम चल रहा है। काम के लिए चार-पांच दिन पहले सरिया मंगवाया था। गत छह मई की रात को अज्ञात चोरों ने करीब आठ टन सरिये पर हाथ साफ कर दिया। अगली सुबह वारदात का पता चला। अपने स्तर पर जांच की।

### छत से गिरकर प्रवासी की मौत, जांच शुरू

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के विकास नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर एक प्रवासी की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामबीर के रूप में हुई है। रामबीर मूलतः यूपी के कासगंज का रहने वाला था। यहां विकास नगर में रहता था। एक ढाबे पर काम करता था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात को वह अपने मकान की छत पर सो रहा था। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में वह छत से गिर गया। किसी की नजर पड़ी तो उसे संभाला गया। अस्पताल में ले गए तो उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### साहिल हत्याकांड में पुलिस ने की छापेमारी

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में हुए साहिल हत्याकांड को सुलझाने में पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। हत्यारोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं। हालांकि अभी तक हत्यारोपियों का सुराग नहीं लग पाया है। दरअसल, सब्जी मंडी में मंगलवार की देर रात को कुछ युवकों में विवाद हो गया था। इस दौरान साहिल और उसके चचेरे भाई मनोज पर चाकूओं से वार किए। इस हमले में साहिल की मौत हो गई। मंगलवार को साहिल का जन्मदिन था। इसलिए ये मंडी में एकत्र हुए थे। चाकू मारने का आरोप भी साहिल और मनोज के चचेरे भाई सागर व उसके एक अन्य साथी विक्रम पर है। इस संबंध में पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज किया था।

# कार सवार बदमाशों ने नजफगढ़ फ्लाईओवर के पास पिस्तौल की नोक पर युवक का अपहरण कर गाड़ी लूटी, मातन के पास फेंककर फरार

■ वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बाईपास पर नजफगढ़ फ्लाईओवर के पास एक राहगीर से लूटपाट की वारदात हो गई। पिस्तौल के बल पर तीन बदमाशों गाड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस कमिश्नर ने भी वारदात स्थल का मुआयना किया। पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। वारदात संदीप के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, संदीप मूलतः सुनारियां से है और फिलहाल दिल्ली के हरिनगर में रहता है। वीरवार की शाम को वह अपनी गाड़ी में सवार होकर सुनारियां से दिल्ली जा रहा था।

■ सुनारियां का संदीप दिल्ली जा रहा था

### ओवरटेक कर कार को रोका

जब बहादुरगढ़ में नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो यहां एक कार ने ओवरटेक कर उसको रुकवा लिया। कार से तीन युवक निकलकर उसके पास पहुंचे और पिस्तौल के बल पर उसे अपने शिकंजे में ले लिया। फिर वे उसे गाड़ी में ले गए और मातन के पास छोड़ दिया। फिर उसने जैसे तैसे पुलिस को सूचना दीसूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह, डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने दलबल के साथ वारदात स्थल का मुआयना किया।



बहादुरगढ़। घटनास्थल पर पूछताछ करतीं पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री व अन्य अधिकारी।

### सभी एंगलों से जांच कर रही पुलिस

पुलिस टीमों को जल्द मामला सुलझाने के दिशा निर्देश दिए। पुलिस विभिन्न एंगलों को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि बहादुरगढ़ में नजफगढ़ फ्लाईओवर के पास लूट की सूचना मिली थी। मामले में जांच चल रही है। पीड़ित के बयान लिए जा रहे हैं। कई टीमें मामले की तफ्तीश में जुटी हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाया जाएगा।

### रातभर गाड़ियों में घूम रहे चोर मौका मिलते ही कर रहे वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की बैट्रियां निकालने वाला चोर गिरोह सक्रिय है। रातभर ये गाड़ियों में घूमते हैं और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे देते हैं। अब चार और गाड़ियों से बैट्री चोरी हुई हैं। सेक्टर-6 के निवासी पारस का कहना है कि उनके पास एक इको गाड़ी है। गत छह मई की रात को गाड़ी घर के बाहर गली में खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो गाड़ी की सभी खिड़कियां खुली हुई थी। अंदर देखा तो बैट्री गायब थी। इसके बाद कैमरे चेक किए तो फुटेज में हमारी गाड़ी के पास एक इको गाड़ी रुकती दिखाई दी। जिसमें से दो युवक बाहर निकले और औजारों के बल पर वारदात की। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं आर्य नगर में विशाल की बोलेरो पिकअप कमल की इको व आल्टो गाड़ियों से बैट्रियां चुरा ली गई। इनकी शिकायतों पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। इससे पहले भी इलाके में वाहनों के साइलेंसर व बैट्री निकालने की कई वारदात हो चुकी हैं। उधर, केएमपी बादली पर स्थित सोलर प्लांट से करीब एक हजार मीटर तार चोरी करने का मामला सामने आया है। चौकीदार जोगेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# विरोध के कारण ब्लॉक समिति की बैठक में पास नहीं हुआ कोई प्रस्ताव

ब्लॉक समिति के सभी 29 सदस्यों के साथ ही विधायक राजेश जून भी बैठक में रहे मौजूद



बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद विधायक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बीडीपीओ।



बहादुरगढ़। बैठक के दौरान विरोध दर्ज करवाते नाराज सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वीरवार को खंड समिति की बैठक आयोजित की गई, इसमें नाराज सदस्यों के विरोध के कारण कोई प्रस्ताव पास नहीं हो पाया। इसके साथ ही दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम का भी समापन हो गया। बैठक में सभी 29 पार्षदों के साथ ही विधायक राजेश जून भी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

### छह माह से नाराजगी

बता दें कि 31 दिसंबर 2022 को हुए वर्षा गौतम प्रधान और विद्या देवी उप प्रधान चुनी गई थी। लेकिन करीब 6 महीनों से खंड समिति सदस्यों में प्रधान को लेकर रोष बढ़ गया। मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को 20 ब्लॉक पार्षदों ने डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंपते हुए प्रधान वर्षा गौतम के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। इसे लेकर 2 बार बैठक तय होने के बाद स्थगित हो चुकी है। वीरवार को जब खंड समिति की बैठक हुई तो विरोधी पार्षदों ने मुखरता से अपनी आवाज रखी। बैठक में पहला प्रस्ताव पिछली बैठक में हुई कार्रवाई की पुष्टि का रखा गया। दूसरा प्रस्ताव वर्ष 2025-26 की पीएसडीपी तैयार करने का रखा गया।

जनसंवाद पर लगाई गई शिकायतों के निपटान और लैंड यूटिलाइज प्लान के अलावा अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्ताव रखे गए। बीडीपीओ उमेद सिंह के अनुसार अधिकांश सदस्यों के विरोध के कारण कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया।

### अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करवाएं पार्षद : जून

बैठक में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ ही खंड समिति सदस्य बलराज, अंजू रानी, सतनारायण, राकेश, ज्योति, दयानंद, नवीना, योगेश, सुमन, देवबीर, रेनू देवी, रजत, रिंकी, अमित, कविता, आशीष, प्रमोद, नीलम, अजीत सिंह, रेनूबाला, अभिषेक, पूनम देवी, सुरजीत सिंह, साहिल, रचिता, जसबीर व हरवेश मान उपस्थित थे। चेयरपर्सन वर्षा गौतम के अनुसार उनके पक्ष में बहुमत है और उनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। विधायक राजेश जून ने कहा कि पंचायती राज संस्था के निर्वाचित प्रतिनिधि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने- वार्ड की जनता को दिलवाएं। अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करवाएं।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

# शिकायतों के समाधान की एटीआर अपलोड करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सभी विभागों के नोडल अधिकारी सीएम विंडो पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से निपटान करना सुनिश्चित करें और इन शिकायतों के समाधान की आनलाइन प्लेटफार्म पर एटीआर जरूर अपलोड करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सीएम विंडो पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन सीएम विंडो पोर्टल को एक बार अवश्य चेक करें और शिकायत की वास्तविक स्थिति से ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली से ही पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। शिकायत मिलते ही उसका प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें, शिकायत को ओवरडयू न होने दें।

### पूर्व अनुमति के बिना कर्मचारियों के स्टेशन छोड़ने पर रोक

भारत व पाक तनाव के बीच उपायुक्त डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपना स्टेशन मेनटेन करने के निर्देश दिए है। बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपना स्टेशन नहीं छोड़ सकेगा। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए।

# सासरौली में गाड़ी चालक से मारपीट व शीशा तोड़ने का आरोप




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सासरौली में बाइक सवार युवकों द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट करने व गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिक को दी शिकायत में हिसार जिले के बधावड़ गांव निवासी रवि ने बताया कि वह बीती छह मई की रात करीब साढ़े दस बजे अपने ट्रक में राखी लेकर दादरी से सासरौली आ रहा था। जब वह सासरौली चौक पर पहुंचा तो उसके सामने बाइक लगाकर युवकों ने ट्रक रुकवा लिया और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान युवकों ने ट्रक के फ्रंट शीशे पर भी ईंट मारी जिससे वह टूट गया। बाद में जब उसने शोर मचाया तो राहगीरों द्वारा उसका बीच-बचाव किया गया। इसके बाद उसने डायल 112 पर पुलिस सूचना दी। बाद में उसे उपचार के लिए गांव के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया। रवि के अनुसार जब उसने सुबह गाड़ी को संभाला तो उसमें रखे पचास हजार रुपये भी गायब मिले जिसकी सूचना उसने गाड़ी मालिक कमल बंसल को दी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित द्वारा हमलावरों के गांव की जानकारी भी दी गई है।

# चलती ऑटो में महिला के 36 हजार रुपये चोरी

**बहादुरगढ़।** ऑटो, ई-रिक्शा में सफर करें तो अपने सामान और रुपयों का ख्याल रखें। थोड़ी सी अनदेखी आपको नुकसान पहुंचा सकती है। बहादुरगढ़ में सवारी वाहनों में कई लोगों के साथ रुपये, गहने आदि चोरी की वारदात हो चुकी हैं।अब यहां बालोर की निवासी एक महिला के साथ वारदात हो गई। बिमला का कहना है कि वह बुधवार को बहादुरगढ़ में पेंशन के पैसे लेने बैंक आई थी। नाहरा-नाहरी रोड स्थित सेंट्रल बैंक से 36 हजार रुपये निकाले और रेलवे रोड पर कुछ कार्य किया। इसके बाद ऑटो लेकर बस स्टैंड तक गई। इस दौरान ऑटो में दो औरतें एक बच्चे के साथ सवार हुई थी। ऑटो चालक ने मुझे बस स्टैंड के पास उतार दिया। जब गांव जाकर पैसे देखे तो नहीं मिले। संभवतः ऑटो में सवार उन संदिग्ध महिलाओं ने ही पैसे निकाले होंगे। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिमला जहां से बैठी और जहां उतरी, वहां की फुटेज पुलिस चेक करेगी ताकि मामले में कुछ सुराग मिल सके।

# सप्ताह बाद भी नहीं सूखा बरसात में भीगा गेहूं, आढ़ती परेशान

**झज्जर।** करीब एक सप्ताह पहले हुई बरसात के कारण भीगा अनाज मंडी परिसर में रखा गेहूं अभी तक नहीं सूखा है। जिसके कारण आढ़ती परेशान है। दिनभर श्रमिक बरसात से भीगी गेहूं और सरसों की फसल को फैलाने में लगे रहते है। वहीं प्रतिदिन बदल रहे मौसम के मिजाज के कारण भी श्रमिकों को काफी मेहनत करनी पड़ रही है। आढ़तियों का कहना है कि बरसात के दौरान भीगे गेहूं और सरसों की फसल के कारण आढ़तियों का लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। मंडियों में 98 प्रतिशत सरसों और 91 प्रतिशत गेहूं उपज का हुआ उठान : डीसी डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले की मंडियों में एक लाख 86 हजार 18 एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक 1 लाख 97 हजार 747 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। एक लाख 68 हजार 768 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। वहीं 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 35 हजार 94 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है और 33 हजार 444 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि मंडियों में 98 प्रतिशत सरसों और 91 प्रतिशत गेहूं उपज का उठान हो चुका है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में भीगी गेहूं की फसल को फैलाते हुए श्रमिक।

### आंधी में शेड टूटे व कई पेड़ गिरे



**बहादुरगढ़।** मई माह में मौसम परिवर्तनशील है। कभी तेज धूप खिल आती है तो कभी आसमान में बादल छा जाते हैं। वीरवार को भी यही नजारा देखने को मिला। सुबह जहां तेज धूप खिली तो वहीं दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए।मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में भी गिरावट है। इस महीने तापमान लगातार 40 के नीचे चल रहा है। वीरवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान न बढ़ने से लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत मिली है। इससे पहले बुधवार की शाम को कुलासी, कानोंदा व जसोरखेड़ी गांवों में तेज आंधी आई थी। कुलासी में जसोरखेड़ी मार्ग पर आंधी के कारण कई पेड़ टूटकर गिर गए। मंदिर का शेड भी उखड़ गया। ग्रामीणों के मुताबिक, कुलासी में तो बरसात के साथ थोड़ी ओलावृष्टि भी हुई।

### दीपिका ने कबड्डी में जीता मेडल



झज्जर। दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना की पूर्व छात्रा दीपिका ने पंजाब के भटिंडा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान व बेस्ट रेडर का पुरस्कार जीत कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल संचालक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि इसके अलावा महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित सीनियर फेडरेशन कबड्डी कप प्रतियोगिता में हरियाणा की तरफ से खेलते हुए भी दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक रामचन्द्र शर्मा ने होनहार खिलाड़ी दीपिका को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### पहली इंवीटेशनल स्वीमिंग चैम्पियनशिप 11 को होगी

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में स्थित चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी में पहली इंवीटेशनल स्वीमिंग चैम्पियनशिप 11 मई को आयोजित की जा रही है। हरियाणा तैराकी संघ के दिशानिर्देशन में हो रही स्वीमिंग चैम्पियनशिप को दो हिस्सों में बांटा गया है। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि जूनियर वर्ग में 13 से 14 और 15 से 17 वर्ष के दो ग्रुप बनाए गए हैं। सब जूनियर वर्ग को 8 साल और उससे कम, 9 से 10 और 11 से 12 वर्ष के तीन ग्रुप में बांटा गया है। कई जिलों के तैराक फ्री स्टाईल, बैकस्ट्रॉक, ब्रैस्टस्ट्रॉक, बटरफ्लाई और आईएम स्पर्धा में भाग लेंगे। हरियाणा में सब जूनियर लेवल से ही तैराकों को बेहतर प्रतियोगी माहौल देने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सासंद धर्मबीर सिंह के दिशानिर्देश पर तैराकी संघ की इस पहल के सार्थक परिणाम सामने आएंगे।



**बेरी।** शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द समाधान के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। समाधान शिविर में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जमाबंदी, इंतकाल, अवैध कब्जे संबंधित समस्याएं रखी गई। एसडीएम ने कहा कि सरकार अंत्योदय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो प्रवासी श्रमिकों की मौत

## तीन-चार माह से कर रहे थे ईंट पथाई का काम, मौके पर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



■ प्रवासी श्रमिक अलसुबह किसी कार्य से आ रहे थे कबलाना

क्षेत्र के गांव कबलाना में अज्ञात वाहन की टक्कर से दो प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई। यह हादसा वीरवार को उस दौरान हुआ जब खेड़का गुज्जर स्थित ईंट भट्ठा पर कार्यरत प्रवासी श्रमिक अलसुबह करीब तीन बजे किसी कार्य से कबलाना आ रहे थे। इसी दौरान उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान बिहार के लभेत गांव निवासी सुरेंद्र मांझी पुत्र युगल मांझी व बोलबांध बिहार निवासी जगन मांझी पुत्र उपेंद्र मांझी के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए दोनों शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। यहां मृतक सुरेंद्र मांझी की पत्नी रेशमी देवी के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पिछले तीन-चार माह से कर रहे थे ईंट पथाई का कार्य : पुलिस को दी शिकायत में मृतक सुरेंद्र मांझी की पत्नी रेशमी देवी ने बताया कि वह खेड़का गुज्जर स्थित एक ईंट भट्ठा पर पिछले तीन-चार माह से पथाई का कार्य करते हैं। आठ मई की सुबह करीब तीन बजे उसका पति सुरेंद्र मांझी अपने दोस्त जगन मांझी के साथ किसी काम से कबलाना आया था। बाद में उसे अपने पति सुरेंद्र व उसके दोस्त जगन मांझी के एक्सीडेंट की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंची तो पता चला कि उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। जिस कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### दुर्घटना में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कुलाना के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रेवाड़ी जिले के जीवड़ा गांव निवासी नरेश पुत्र जयनारायण के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के चचेरे भाई कर्ण सिंह ने बताया कि बुधवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे उसे फोन पर सूचना मिली की उसके ताऊ के लड़के नरेश व उसके साथ मुनेंद्र का एक्सीडेंट हो गया। सूचना के बाद जब वह घटना स्थल पर पहुंचा तो पता चला कि उसका भाई नरेश अपने साथी यूपी मेनपुरी के ईगोपालपुर निवासी मुनेंद्र पुत्र अतर सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर गाधला गांव में ओमबीर से मिलने गए थे। जब वे वापिस लौट रहे थे बीच रास्ते एक गाड़ी बगैर किसी दिशा सूचना या इंडीकेटर के खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण उनकी मोटरसाइकिल गाड़ी से टकरा गई और यह दुर्घटना हो गई। घायल नरेश व मुनेंद्र को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया जबकि मुनेंद्र को गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक के पीजीआई रेफर कर दिया।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सत्येंद्र दहिया व अनिल कुमार।

## त्रिवेणी स्कूल में रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के त्रिवेणी विद्यालय में वीरवार को रेडक्रॉस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाषण द्वारा इसका परिचय, लघु नाटिका द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन तथा स्वास्थ्य पर जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।


कार्यक्रम में सत्येंद्र दहिया ने रेडक्रॉस के मानवीय कार्यों को उजागर करते हुए मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता जैसे सिद्धांतों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस समाज की निःस्वार्थ सेवा में समर्पित है। बच्चों ने पंक्तियों के माध्यम से बताया कि मानवता के प्रति हमारे छोटे-छोटे कदम से इस दुनिया की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आ सकता है। निदेशिका संगीता वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने छात्रों को स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया।

### साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में साइबर क्राइम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा, पूजा, आईटी प्रभारी जोगेंद्र ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग करना और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की जानकारी देना रहा। मुख्य वक्ता एसआई प्रवीण कुमार ने छात्रों को साइबर अपराधों के जैसे फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलीइंग, डाटा हैकिंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## एमआर वेटरनरी कॉलेज में की भैंस के पांच किलोग्राम ट्यूमर की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




**झज्जर।** भैंस के शरीर में दिखाई देता ट्यूमर जो आप्रेशन के बाद बाहर निकाला गया। फोटो : हरिभूमि

एमआर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर हसनपुर के पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर में उपचार के लाई गई ट्यूमर से पीड़ित भैंस के शरीर से करीब पांच किलोग्राम का ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की है।

इस सफल ऑपरेशन के समय संस्थान के अकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर रमेश चांदोलिया, डीन डॉक्टर जगतबीर फौगाट, वरिष्ठ सर्जन कर्नल रणबीर सिंह तथा महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। सभी ने इस जटिल सर्जरी की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा और इससे महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। पशु शल्य चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉक्टर रणबीर सिंह ने बताया कि मारौत निवासी सुखबीर की भैंस पिछले कई माह से ट्यूमर से पीड़ित थी। सर्जरी के बाद भैंस की हालत में तेजी से सुधार हुआ और अब वह स्वस्थ है। अब वह सामान्य रूप से खा-पी और बैठ रही है। संस्थान के प्रबंध निदेशक सोमबीर कोडान ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा शिक्षण संस्थान की स्थापना वास्तव में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने इस सफल ऑपरेशन में अपनी मेहनती सर्जन टीम और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ।

### नेहरू कॉलेज में विद्यार्थियों को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस क्लब के तत्वावधान में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया और विद्यार्थियों को फर्स्ट एड पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य दलबीर सिंह अध्यक्षता में नोडल अधिकारी डॉक्टर ज्योति और अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार किस प्रकार दिया जा सकता है और उसकी जान बचाई जा सकती है।

## मातनहेल में समारोह के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने सांझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में एल्यूमिनी एसोसिएशन गर्वनमेंट कॉलेज मातनहेल द्वारा पूर्व छात्र-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की कार्यकारणी के अंतर्गत करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें नृत्य, गायन और अपने अनुभव व कुछ मनोरंजक प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।



**झज्जर।** पूर्व छात्र मिलन समारोह में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

एसोसिशन के अध्यक्ष पंकज ने छात्र-मिलन समारोह के लिए वर्ष मे एक निश्चित तिथि निर्धारित करने का सुझाव सांझा किया। समिति के सचिव दीपक ने सुचारू रूप से महाविद्यालय व विद्यार्थियों के हित मे कार्य करने के लिए समिति की सदस्यता बढ़ाने संबंधी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने पूर्व विद्यार्थियों के सुखद व सफल भविष्य की कामना की।

## सनराइज हाई स्कूल में प्रतिभा खोज ड्राइंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** सनराइज हाई स्कूल में वीरवार को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की ओर से प्रतिभा खोज ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की यूकेजी, पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के उस उद्देश्य को पता करना रहा कि भविष्य में बच्चे डॉक्टर, वकील, पायलट, आर्किटेक्ट, इंजीनियर आदि क्या बनना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने अपना पसंदीदा विषय चुनते हुए उसमें रंग भरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की ओर से बैंक के मुख्य ब्रांच अधिकारी प्रदीप कुमार और सीनियर ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार ने शिरकत की। विद्यालय के निर्देशक रवि यादव और विद्यालय की मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने बैंक की ओर से किए गए कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को अपनी कला को निखारने का मौका मिलता है। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रेडक्रॉस जीवन बचाने की अनमोल परंपरा : प्राचार्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को रेडक्रॉस का महत्व विस्तार से बताया। हमें भी सेवा के पथ पर कुछ योगदान देने की प्रेरणा लेनी चाहिए। एक छोटी सी मदद किसी की जिंदगी बचा सकता है। सर हेनरी डुनेंट के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करने के साथ ही पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरु हुआ। छात्राओं को बताया कि रेडक्रॉस जीवन बचाने की अनमोल परंपरा है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि हमें दूसरों की मदद करने और जरूरतमंदों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से पीछे नहीं हटना है। हमें प्राथमिक सहायता, आपदा राहत और स्वास्थ्य शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में लोगों को शिक्षित करना है। आपातकाल के समय जरूरतमंदों, बाढ़, भूकंप, तूफान जैसी आपदाओं में पीड़ित लोगों को भोजन, पानी, आश्रय, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सेवा देना हमारा दायित्व है।

## प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में वीरवार को यांत्रिकी विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान धुंआ, आग जांच यंत्र, पवन चक्की, रोबोटिक आर्म, दुर्घटना बचाव यंत्र, मिनी लेथ, 4-स्ट्रोक डीजल, पेट्रोल इंजन, हाइड्रोलिक ब्रिज आदि तकनीकी शिक्षा संबंधित विभिन प्रकार के 15 प्रोजेक्ट विद्यार्थियो द्वारा बनाए गए। संस्थान प्राचार्य दिगपाल सिंह व यांत्रिक विभागाध्यक्ष बलजीत सिवाच द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर यांत्रिक विभाग के प्राध्यापक विकाश गोयल, प्रवीण मलिक, आकाश, मोहित कादियान, विकास दहिया, कुलदीप यादव, तस्वीर सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### कथा में विस्तार से सुनाई श्री कृष्ण की बाल लीलाएं

# श्रीकृष्ण की माखन चोरी की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में पार्षद राजकुमारी व हरिमोहन धाकरे द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन वीरवार को वृंदावान से आए पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी करते हुए मटकी फोड़ने, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग आदि की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथावाचक पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर पाप बढ़ता है, तो भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर के पृथ्वी पर से पाप मिटाते हैं।

### भगवान श्री कृष्ण ने सात दिन गोवर्धन को उठाए रखा

उन्होंने कहा कि कृष्ण ने बृजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी ओट में सुखपूर्वक रहे।



**बहादुरगढ़।** भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इसके बाद उन्होंने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर वर्णन किया।

## गांव जसिया में मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों की खेप मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ 18 एमटीपी किट सहित 39 तरह की बिना बिल की दवाइयां मिली

स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी में गांव जसिया में मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों की खेप मिली है। विभाग की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयों को कब्जे में लेकर मेडिकल स्टोर संचालक को पुलिस हिरासत में दे दिया है। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक की स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अचानक हुई छापेमारी से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल स्टोर पर अपना ग्राहक भेजकर रंगेहाथ पकड़ने की कार्रवाई की है।

### अलग-अलग टीम बनाई

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाई गई। एक टीम ने गांव जसिया स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा, जबकि दूसरी टीम ने गांव खिड़वाली, टिटौली, लाढ़ौत मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। सिविल सर्जन ने बताया कि छापेमारी के दौरान एमटीपी किट, कोरेक्स और अन्य प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मिली, जिन्हें ग्राहकों को बेचा रहा था।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री धर्मपाल निवासी मकान नंबर 74, वार्ड नंबर-1, गली नंबर 5, विकास नगर, लाईनपार, बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमांशु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ई-नीलामी सूचना (क्षतिग्रस्त मशीनरी, बिल्डिंग स्क्रैप, अन्य मदें और फुटवियर्स**

मै. अपील फुटवियर्स प्रा. लि. से सम्बन्धित I) क्षतिग्रस्त मशीनरी लगभग 25 एमटी, II) अन्य मदें, III) फुटवियर्स और IV) विखण्डन के पश्चात बिल्डिंग स्क्रैप V) बिल्डिंग विखण्डन (सर्वेक्षण आरसी बाजपायी द्वारा हैंडल किया गया), मलबे हेतु ''जैसा है जहां है'' आधार पर, 'प्रति कि.ग्रा. आधार' पर ही निपटान के लिए इच्छुक खरीददारों से ई-नीलामी प्रपत्र आमंत्रित किए जाते हैं, उपरोक्त सामग्रियों के मलबे का निरीक्षण श्री राजू (99103 55611) से पूर्व अनुमति लेने के पश्चात प्लॉट नं. 38, 39, सेक्टर-17, एचएसआईआईडीसी, फुटवियर पार्क, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 में 09.05.2025 से 19.05.2025 तक किया जा सकता है। ई-नीलामी का आयोजन 20.05.2025 को किया जाएगा। ई-नीलामी प्रपत्रों हेतु

**सैल्वॉर सैटलर्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामकर्ता)**
पता : 203, द्वितीय तल, ऊषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर कमर्शियल कॉम्पलैक्स, दिल्ली-110033

की सुश्री खुशी से मो.:- 9990857386 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : www.salvorsettlers.com से डाउनलोड करें

ई-नीलामी प्रपत्र जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 20.05.2025 को अप. 12.30 बजे से पूर्व है।

**NOTICE**

I, Rekha Panwar Daughter of no 6889573 Ex-Hav Dheer Singh Dalal R/o Vill. & Po Chhara, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar (Haryana) declare I have changed my name from Rekha Devi to Rekha Panwar for change in service records of my father and for all purposes vide affidavit dated 07 May 2025.

**बेदखली सूचना**

मैं, नवीन कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी गांव जसौर खेड़ी तहसील बहादुरगढ जिला झज्जर घोषणा करता हुं कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने व सुनने के बाहर है इसलिए मै मेरे पुत्र अमन से समबन्ध विच्छेद कर तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करता हुं भविष्य मे इससे लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वय जिम्मेवार होगा मेरी किसी किस्म की कोई जिम्मेवारी ना होगी

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। बचने का अभ्यास करते रणबीर सिंह मॉडल स्कूल के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को करवाया आपातकालीन अभ्यास

**बहादुरगढ़।** दरियापुर के रणबीर सिंह मॉडल स्कूल में आपातकालीन अभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों और स्टाफ को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों और शिक्षकों ने इस अभ्यास में अनुशासित और सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्रों को आपात स्थिति में सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रधानाचार्या किरण वर्मा ने बताया कि आपातकाल में हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए और ऐसी परिस्थितियों का डटकर सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को जीवन कौशल और आपदा प्रबंधन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का समापन एक संवाद सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को आपात स्थिति में पालन किए जाने वाले आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी गई।

### छारा कॉलेज में हुई क्विज प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में विश्व यूथ रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में कॉलेज की वाईआरसी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसरा पर यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. श्वेता ने बताया कि यूथ रेडक्रॉस का उद्देश्य युवाओं में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। युवाओं को समाज कल्याण, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और संगठन के सिद्धांतों को बेहतर ढंग से समझा। बृहस्पतिवार को आयोजित हुई प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय और विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापिका गीतांजलि ने आभार जताया।

### आशा वर्कर्स रोष जताती हुईं सीएमओ कार्यालय पहुंचीं

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने किया रोष प्रदर्शन, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

बोलीं, एएनएम द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा, मासिक परफॉर्मों पर साइन नहीं करतीं

- आशाओं के साथ अनेक तरह से दुर्व्यवहार किया जा रहा
- एएनएम अपनी मनमर्जी के हिसाब से कराती हैं कार्य



झज्जर। सीएमओ कार्यालय के नजदीक रोष प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स।



झज्जर। सीएमओ डॉक्टर जयमाला को ज्ञापन सौंपते हुए आश वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा वीरवार को सीएमओ कार्यालय के नजदीक स्थित सेक्टर-छह में रोष प्रदर्शन किया गया। यूनियन की जिला प्रधान किरण की देखरेख में आयोजित इस प्रदर्शन का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश मातनहेल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा में एएनएम द्वारा वर्कर्स को बेहद परेशान किया जा रहा है। एएनएम आशाओं का सेल्फ अप्रेजल फॉर्म साइन करने के लिए उनसे मनमर्जी के कार्य कराती हैं। अगर आशा वर्कर एएनएम के कहे अनुसार कार्य नहीं करती है तो उनके मासिक परफॉर्मों पर साइन नहीं किए जाते या फिर पैसे काट लिए जाते हैं। इस प्रकार आशाओं के साथ अनेक तरह से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। इस प्रताड़ना से तंग आकर बहादुरगढ़ की आशा वर्कर ने जहां आत्महत्या का प्रयास किया वहीं भिवानी में एएनएम द्वारा आशा वर्कर पर जानलेवा हमला किया गया है। आशा वर्कर अभी भिवानी अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

इसके उपरांत सभी आशा वर्कर्स रोष प्रदर्शन करते हुए सीएमओ कार्यालय पहुंची। यहां पहुंच कर उन्होंने आशा वर्करों को न्याय दिलाने व अन्य लंबित मांगों के समाधान संबंधी ज्ञापन सीएमओ डॉक्टर जयमाला को सौंपा।

### रिटायर्ड कर्मचारियों ने अधिकारियों का कराया अपनी समस्याओं से अवगत



झज्जर। खजाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए रिटायर्ड कर्मचारी।

झज्जर : रिटायर्ड कर्मचारी संघ की झज्जर इकाई के सदस्य वीरवार को खंड प्रधान रमेश जाखड़ की अध्यक्षता में खजाना अधिकारी जयभगवान दांगी तथा सीएमओ डॉक्टर जयमाला से मिले। यहां दोनों अधिकारियों ने रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ विभिन्न मांग एवं मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डॉक्टर जयमाला ने कर्मचारियों की एक मांग पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर की समस्या का समाधान किया। इस मौके पर सचिव राजबीर राहर, जिला वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर सिंह, जिला सचिव देवेंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु जांगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# सेना पर पूरे भारत को है नाजः जून



बहादुरगढ़। सेना के पराक्रम की सराहना करते पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने अपने कार्यालय पर भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश की जनता को अपनी सेना पर नाज है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को उनके आतंकी ठिकानों पर मारकर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सभी लोगों की शहादत का बदला लिया है। भारत की तीनों सेनाएं बहुत मजबूत हैं। देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाली आतंकवादी गतिविधियों को मुंह तोड़ जवाब देने में भारतीय सेनाएं पूरी तरह से सक्षम हैं। पहलगाम आतंकी हमले की शहादत का बदला हमारी बहादुर सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत बखूबी ले लिया है। कांग्रेस समेत सभी दल इस जवाबी कार्यवाही के पक्ष में हैं।

### जैन ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा



बहादुरगढ़। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि सेना ने पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पीओके व पाकिस्तान में बने आतंकी ठिकानों को बमबारी करके खत्म कर दिया। आतंकवादियों पर किए गए इस प्रहार का देश की जनता स्वागत कर रही है। मोदी सरकार ने भारतीय सेना को कोई भी निर्णय लेने के लिए पूरी तरह से छूट दे दी है। आज पूरे देश को भारतीय सेना पर गर्व है। सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि जो भी भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा, उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। देश की 140 करोड़ आबादी को मोदी सरकार पर पूरा भरोसा है। यह बदला पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, इससे मृतकों की दिवंगत आत्मा को शांति मिलेगी।

# कराटे में छाए जीडी गोयनका के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पिछले दिनों बहादुरगढ़ में हुई नॉर्थ इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कई मेडल जीते। विजेताओं का अभिनंदन किया गया।

स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों ने जिस मेहनत और आत्मविश्वास के साथ खेला, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है। प्रतियोगिता आठ से सोलह वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों के बीच हुई थी। स्कूल के 9 विद्यार्थियों ने पदक जीते और स्कूल का मान बढ़ाया। छात्र विशेष और देवांश ने स्वर्ण पदक जीता तो वहीं श्रेय, उत्कर्ष व रेयांश ने रजत पदक अपने नाम किय। इसी प्रकार कांस्य पदक की दौड़ में एकलव्य, विराज, रायशा व अंश ने शानदार खेल दिखाया। प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने पर स्कूल कोच ने भी अपने विद्यार्थियों के अनुशासन, समर्पण और तकनीकी कौशल की सराहना की। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। स्कूल निदेशक व प्रिंसिपल के साथ विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करेंगे अधिकारी

- जिला परियोजना क्रियान्वयन यूनिट की अप्रैल की समीक्षा बैठक
- कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत पासबुक आंकड़े प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत निपुण भारत मिशन की जिला परियोजना क्रियान्वयन यूनिट की अप्रैल माह की समीक्षा बैठक वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने की। बैठक की शुरुआत में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत स्किल पासबुक से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि स्किल पासबुक एक प्रभावी उपकरण है, जो एक नजर में कक्षा की स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने सूचित किया कि 15 मई के बाद शिक्षक स्किल पासबुक को पुनः अपडेट करेंगे, जिससे बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार का आंकलन किया जा सकेगा। मई माह में प्राथमिक शिक्षकों को पिछली कक्षा की दक्षताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए बच्चों के सीखने के स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। इसके अतिरिक्त, पिछले और वर्तमान सत्र के कक्षावार और विद्यालयवार नामांकन के आंकड़े भी सांझा किए गए।

उन्होंने बताया कि जिले में निपुण दृष्टि नामक एक नवाचारी पहल की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत जिला और खंड स्तर के अधिकारी विद्यालयों का ऑनलाइन अवलोकन कर छात्रों और शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित कर सकेंगे। यह पहल बच्चों की पढ़ाई से संबंधित सुझाव देने, शिक्षकों की समस्याओं को समझने और शिक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में सहायक होगी।



झज्जर। बृहस्पतिवार को शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

### कैथल में होगी अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक



**बहादुरगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश सचिव प्रेम बंसल ने बताया कि लोगों को जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी है। समाज को मजबूत करने और दिखावा बंद करने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत समाज की आगामी बैठक 11 मई को कैथल के विश्वकर्मा चौक के निकट होगी। प्रेम बंसल के अनुसार अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने पूरे राज्य में समाज के लिए जागरूकता अभियान चला रखा है। उन्होंने बताया कि अशोक बुवानीवाला लगातार बैठकें कर हर जिले में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों को राजनीति में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और शादियों पर बढ़ते खर्च को कम करने के लिए काम करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बैठक में प्रदेश के तमाम पदाधिकारी शामिल होंगे। हर परिवार से एक व्यक्ति को सक्रिय राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए। समाज में शादी करना इन दिनों मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बहुत मुश्किल काम हो गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

- 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चे कर सकते हैं आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, वर्ष 2026 के जनवरी माह में होने वाले समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# शिविर में 85 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को चौधरी छोटू राम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 यूनिट रक्त नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम द्वारा एकत्रित किया गया। रेडक्रॉस सचिव देवेन्द्र चहल ने युवाओं को रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनांट के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से समाज की भलाई के लिए रेडक्रॉस से जुड़ने का आह्वान किया। रेडक्रॉस कार्यकर्ता रामअवतार गहलावत के सहयोग से इस शिविर का सफल आयोजन हुआ। शिविर में डॉक्टर राहुल जाखड़, डॉक्टर नीतू सिंह व डॉक्टर रोबिन ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।



झज्जर। शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते हुए प्रतिनिधि।

### नरेश प्रधान तो लोकेश बने संघ के सचिव

- हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की बहादुरगढ़ कार्यकारिणी का गठन

**बहादुरगढ़।** हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ, बीएमएस से संबंद्ध हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की बहादुरगढ़ यूनियन की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। सर्वसम्मति से नरेश दलाल को प्रधान चुना गया है। वीरवार को परिवहन निगम के बहादुरगढ़ उपकेंद्र में हुई गेट मीटिंग में यह प्रक्रिया पूरी की गई। प्रधान नरेश के अलावा लोकेश को सचिव की जिम्मेदारी मिली है। जबकि संजीव खजांची, रवींद्र उपप्रधान तो शशि प्रताप उप खजांची चुने गए हैं। प्रधान नरेश व अन्य नए पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने का भरोसा दिलाया। साथ ही ये कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मोहिनी स्वप्निल पाटिल को पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ध्यान शिविर के दौरान दी हैप्पी लाइफ स्टाइल की जानकारी

**झज्जर।** वीरवार को आयुष विभाग में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से ध्यान शिविर का आयोजन भी किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग शाखा से राजवीर सिंह ने बताया कि इस दौरान उपस्थित आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के विषय में अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में मोहिनी स्वप्निल पाटिल द्वारा हेल्दी एवं हैप्पी लाइफ स्टाइल विषय पर व्याख्यान देते हुए जीवन को शांतिपूर्वक एवं मन को व्यवस्थित व शांत रखने के विषय पर विशेष जानकारी मौजूदा चिकित्सकों को दी गई। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर राज कपूर तथा भूतपूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर हितेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया

# विद्यार्थियों को दी साइबर क्राइम व सड़क सुरक्षा की जानकारी


हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार को इंडो अमेरिकन स्कूल में विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा बारे जागरुक किया गया। कार्यक्रम में ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सतीश कुमार व एएसआई राखी ने शिरकत की। एएसआई राखी ने विद्यार्थियों को चलचित्र के माध्यम से नशे से होने वाली क्षति से अवगत कराया। इसमें दिखाया गया कि किस प्रकार एक व्यक्ति के नशा करने की आदत से पूरे परिवार को खामियाजा भुगतना पड़ता है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने पुलिसकर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के बारे में जागरूक होना आवश्यक है। यदि ये जागरूक होंगे तो समाज में जागरूकता बढ़ेगी और इस नशा मुक्ति मुहिम को जड़ से खत्म करने में सहयोग मिलेगा। यातायात के नियमों के बारे में तो प्रत्येक विद्यार्थी, युवा व आमजन को जानकारी होनी चाहिए। इससे हम सड़क दुर्घटना में होने वाले मौत के आंकड़ों को कम कर सकते हैं।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एएसआई राखी।

### -विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी



झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में वीरवार को 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना, नशा व साइबर क्राइम से बचाव बारे जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एएसआई राखी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे हम अपनी ही नहीं बल्कि दूसरों की भी जान बचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व वाहन चलाते समय संगीत न सुनने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने व साइबर क्राइम के बचाव के संबंध में भी जानकारी दी। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने हरियाणा पुलिस की इस पहल की सराहना की।